हरिभूमि
# सीहोर भूमि फ्रंट पेज
भोपाल, मंगलवार 23 सितंबर 2025

04 सर्वे से कोई भी प्रभावित किसान न छूटे: कलेक्टर...



07 आम जनता के लिए सुविधाओं से युक्त होगा नया दशहरा...





## खबर संक्षेप

### 5 रुपए में मिलेगा नवीन विद्युत कनेक्शन


**सीहोर।** विद्युत वितरण कंपनी कार्यक्षेत्र के ग्रामीण क्षेत्र के उपभोक्ताओं को अब मात्र 5 रुपए में नवीन घरेलू कनेक्शन उपलब्ध कराना शुरू कर दिया है। कंपनी ने कहा है कि ग्रामीण क्षेत्र में निवास करने वाले उपभोक्ताओं को अब केवल 5 रुपए में नवीन विद्युत कनेक्शन उपलब्ध कराया जा रहा है। यह नया घरेलू कनेक्शन उन लोगों को मिलेगा जो कि मध्य क्षेत्र विद्युत वितरण कंपनी के घरेलू फीडर से नियमानुसार कनेक्शन लेने की पात्रता रखते हैं।

### 60 वर्ष बाद मिलेगी 3 हजार रुपए पेंशन

**सीहोर।** केन्द्र सरकार द्वारा असंगठित श्रमिकों की सामाजिक सुरक्षा को दृष्टिगत रखते हुए केन्द्रीय श्रम मंत्रालय द्वारा प्रधानमंत्री श्रम योगी मानधन पेंशन योजना प्रारंभ की गई है। इस योजना के अंतर्गत 18 से 40 वर्ष आयु वर्ग के समस्त असंगठित क्षेत्र के श्रमिक जिनकी मासिक आय 15 हजार से कम है, इस योजना के लिए पात्र होंगे। योजना के अंतर्गत नामांकन के लिए 18 से 40 वर्ष आयु वर्ग के श्रमिकों को प्रतिमाह 55 से 200 रुपए प्रीमियम के रूप मे जमा करना होगी। भारत सरकार श्रम मंत्रालय द्वारा जमा की जाएगी जिसमें 50 प्रतिशत प्रीमियम की राशि भारत सरकार श्रम मंत्रालय द्वारा वहन की जाएगी। श्रमिक की 60 वर्ष आयु पूर्ण होने पर बीमित व्यक्ति को 3 हजार प्रतिमाह रुपए पेंशन के रूप में प्राप्त होगी। इस योजना के संचालन के लिए भारतीय जीवन बीमा निगम को अधिकृत किया गया है।

### इस साल 10 दिन तक मनाया जाएगा नवरात्रि पर्व, पहले दिन हजारों श्रद्धालुओं ने मां विजयासन के किए दर्शन

# घट स्थापना के साथ देवी की आराधना का दौर शुरू, सलकनपुर में लगा मेला



सलकनपुर देवी धाम के पट 9 दिन तक रोजाना 21 घंटे खुले रहेंगे। मंदिर सुबह 3 बजे खुलेंगे और रात को 12 बजे बंद होंगे

हरिभूमि न्यूज ⏭ सीहोर

शक्ति की भक्ति का महापर्व शारदीय नवरात्रि का सोमवार से आगाज हो गया। इस बार यहां पर 9 की बजाय 10 दिन का होगा पर्व को लेकर प्रसिद्ध सलकनपुर देवी धाम में खास तैयारी की गई है। माता बिजासन के दरबार में बड़ी संख्या में श्रद्धालुओं की पहुंचने की उम्मीद है। खासकर पहले दिन करीब 50हजार श्रद्धालु माता बिजासन के दर्शन करने पहुंचे। विप्रजनो के अनुसार मां दुर्गा का वहां हर साल सप्ताह पहले दिन पर निर्भर करता है इस बार नवरात्रि सोमवार से शुरू हुई है जिसका मतलब मां गज वाहन 'हाथी' पर सवार होकर आई या बहुत ही शुभ और समृदिध्याक है।

### 21 घंटे खुले रहेंगे मंदिर बिजासन धाम के पट

सलकनपुर में भक्तों की सुविधा के लिए मंदिर प्रशासन में विशेष व्यवस्था की सलकनपुर देवी धाम के पट 9 दिन तक रोजाना 21 घंटे खुले रहेंगे मंदिर सुबह 3 बजे खुलेंगे और रात को 12 बजे बंद होंगे। इस दौरान माता बिजासन की प्रतिदिन पांच बार आरती की जाएगी। ताकि ज्यादा से ज्यादा भक्ति माता बिजासन के दर्शन कर सकें।

### 200 पुलिसकर्मी तैनात

सुरक्षा की दृष्टि से मंदिर परिषद में चप्पा चप्पा पर पुलिस और प्रशासन आमला तैनात रहेगा सीसीटीवी कैमरा से पूरे परिसर की निगरानी की जाएगी रेहटी थाना प्रभारी राजेश कहारे के अनुसार भक्तों की सुरक्षा के लिए करीब 200 पुलिस कर्मियों की ड्यूटी








यहां पर लगाई गई है।

### 150 साल प्राचीन मरीह माता मंदिर में दुर्गा सप्त शती के पाठ के साथ दी आहुतियां



**सीहोर।** प्रतिवर्ष अनुसार इस वर्ष भी शहर के विश्रामघाट मां चौसट योगिनी मरीह माता मंदिर में शारदीय नवरात्रि का पावन पर्व आस्था और उत्साह के साथ मनाया जा रहा है। इसके पहले दिन यहां पर उपस्थित आधा दर्जन से अधिक श्रद्धालुओं ने पंडित उमेश दुबे के मार्गदर्शन में सोमवार की सुबह दुर्गा सप्त शती के पाठ के साथ श्रद्धालुओं ने दी आहुतियां दी। यहां पर हर रोज यज्ञ के साथ आहुतियां दी जाएगी। इस संबंध में मंदिर के व्यवस्थापक गोविन्द मेवाड़ा, रोहित मेवाड़ा ने बताया कि कुल चार नवरात्रि का वर्णन है। चैत्र और शारदीय नवरात्रि के अलावा दो गुप्त नवरात्रि भी होती हैं। एक गुप्त नवरात्रि माघ और दूसरी आषाढ़ के महीने में पड़ती है। इस समय शारदीय नवरात्रि का महोत्सव है और श्रद्धालुओं के द्वारा नियमित रूप से आहुतियां दी जाएगी। सोमवार को संस्कार मंच के संयोजक जितेन्द्र तिवारी सहित बड़ी संख्या में श्रद्धालुओं ने आहुतियां दी। यहां पर प्रतिदिन कन्या भोज और नवमी के दिन एक अक्टूबर को विशाल भंडारे का आयोजन किया जाएगा। सोमवार की सुबह यहां पर मौजूद श्रद्धालु फूलों से माता का श्रृंगार किया और उसके पश्चात यज्ञ में देवी का आह्वान कर आहुतियां दी। मंच के मनोज दीक्षित मामा ने बताया कि पहला दिन मां शैलपुत्री की पूजा के लिए समर्पित होता है। मां शैलपुत्री हिमालयराज की पुत्री हैं। माता के नाम का अर्थ भी पर्वत की बेटी ही है, अपने मस्तक पर चंद्रमा को धारण करने वाली माता शैलपुत्री की साधना करने पर कुंडली से जुड़ा चंद्र दोष और उससे होने वाली सारी परेशानियां दूर होती हैं। मां की पूजा से व्यक्ति के जीवन में उनके नाम की तरह स्थिरता बनी रहती है। उन्होंने बताया कि मंगलवार को सुबह देवी ब्रह्मचारिणी की पूजा-अर्चना की जाएगी।

# 16 दिन बाद भी विसर्जन कुंड की नहीं हुई सफाई, कचरे का लगा ढेर



हरिभूमि न्यूज ⏭ सीहोर

अनंत चतुर्दशी को भले ही 16 दिन बीत चुके हों, लेकिन नगर पालिका प्रशासन की लापरवाही का नजारा आज भी शहर के टाउनहॉल स्थित विसर्जन कुंड में साफ दिख रहा है। जिस कुंड में भगवान श्री गणेश की प्रतिमाओं का विसर्जन किया गया था, वह आज भी मूर्तियों और पूजा सामग्री के अवशेषों से भरा हुआ है।

बता दें इस साल गणेश प्रतिमाओं के विसर्जन के लिए नगर पालिका ने टाउनहॉल पर विसर्जन कुंड बनाया था। उस समय नगर पालिका प्रतिमाओं के विसर्जन के लिए पूरी तरह से चाक चौबंद व्यवस्था की थी। बड़ी क्रेन और नाव की मदद से विसर्जन का काम भी हुआ था।

### बदबू और गंदगी से परेशान लोग

अनंत चतुर्दशी के बाद से ही कुंड में पड़ी प्रतिमाओं के अवशेष सड़ रहे हैं। पानी पूरी तरह से दूषित हो चुका है और उससे बदबू आ रही है। आसपास से गुजरने वाले लोग इस गंदगी को देखकर नगर पालिका के प्रबंधन पर सवाल उठा रहे हैं। लोगों का कहना है कि नगर पालिका ने विसर्जन तो करा दिया, लेकिन उसके बाद सफाई की जिम्मेदारी को पूरी तरह से नजरअंदाज कर दिया।

### आस्था का भी अपमान

इस लापरवाही को लेकर लोगों में नाराजगी है। नागरिक हेमंत वर्मा ने बताया कि यह सिर्फ मूर्तियों का मामला नहीं है, यह हमारी आस्था का अपमान है। अगर नगर पालिका ने कुंड बनाया था तो उसकी सफाई की जिम्मेदारी भी उन्हीं की है। विसर्जन कुंड की साफ सफाई भी कराना चाहिए।

# कलेक्टर ने किया पीएमश्री केंद्रीय विद्यालय का निरीक्षण



**सीहोर।** कलेक्टर बालागुरू के. की अध्यक्षता में सीहोर के पीएमश्री केंद्रीय विद्यालय में विद्यालय प्रबंधन समिति (वीएमसी) की बैठक आयोजित की गई। इस दौरान विद्यालय की कक्षा नौवीं के छात्र मास्टर दर्श राठौर ने कलेक्टर बालागुरू के. की हस्तनिर्मित पोर्ट्रेट (हस्तनिर्मित तस्वीर) उन्हें भेंट की। दर्श की पेंटिंग इतनी सजीव थी कि अपनी हूबहू तस्वीर देखकर कलेक्टर स्वयं अचंभित रह गए। उन्होंने दर्श की चित्रकला की सराहना की और छात्र दर्श का उज्ज्वल भविष्य की शुभकामनाएं दीं।

कलेक्टर बालागुरू के. ने समिति के सदस्यों के साथ विद्यालय का निरीक्षण किया। निरीक्षण कि दौरान उन्होंने विद्यार्थियों से पढ़ाई के बारे में चर्चा की और पढ़ाई के लिए महत्वपूर्ण टिप्स दिए। उन्होंने बच्चों से कहा कि विद्यार्थी जीवन वह स्वर्णिम समय होता है, जिसमें कड़ी मेहनत और आत्मविश्वास से अपने और देश के भविष्य को नई सकारात्मक दिशा दी जा सकती हैं। उन्होंने कहा कि अपना लक्ष्य निर्धारित करें और उसे पाने के लिए पूरी निष्ठा के साथ कठिन परिश्रम करें। विद्यालय प्रबंधन समिति की बैठक में विद्यालय के बजट व विद्यालय की समस्याओं के बारे में चर्चा की गई। बैठक में कलेक्टर बालागुरू के. ने विद्यालय द्वारा आयोजित की जा रहीं बच्चों के सर्वांगीण विकास संबंधी गतिविधियों की प्रशंसा की एवं सुझाव भी दिए। बैठक में उन्होंने विद्यालय की कार्य प्रणाली, मूलभूत व्यवस्थाओं और उपलब्धियों के बारे में विस्तार से जानकारी ली। इस अवसर पर प्राचार्य पूजा श्रीवास्तव एवं समिति के अन्य सदस्य उपस्थित थे।

# पहला सुख निरोगी काया, धर्म साधना का प्रथम साधन : मुनिश्री अक्षय सागर महाराज



**सीहोर।** मुनिश्री अक्षय सागर महाराज की प्रेरणा से सकल जैन समाज द्वारा आयोजित निःशुल्क आयुर्वेद स्वास्थ्य शिविर स्वर्णकार मांगलिक भवन में पिछले दो दिन से उपचार कराने वाले रोग से पीड़ित रोगियों को आयुर्वेद में निपुण डाक्टर, वैद्यराज द्वारा पुराने से पुराने रोग से राहत मिलने वाले रोगियों के मुख से सोशल मीडिया तथा समाचार पत्रों के माध्यम से मिली जानकारी से रविवार को भारी संख्या में शहर वासियों तथा बाहर से अनेक स्थानों से आए लोगों की भारी संख्या में निः शुल्क आयुर्वेद स्वास्थ्य शिविर में आकर अपना स्वास्थ्य परीक्षण कराया तथा उपचार कराया अनेक लोगों को तुरंत स्वास्थ्य लाभ प्राप्त भी हुआ। वहीं स्वास्थ्य लाभ प्राप्त किया। साथ ही निः शुल्क औषधि प्राप्त कर मुनिश्री के जय घोष से आभार व्यक्त किया।

मुनिश्री अक्षय सागर ऐलक श्री उपशम सागर महाराज अचानक दोपहर में शिविर का अवलोकन किया तथा डाक्टर, वैद्यराजो के सभी कक्षो में पहुंचकर जानकारी प्राप्त कि इस अवसर पर सेवा के लिए सेवारत टीम ने आशीर्वाद प्राप्त किया वहीं उपस्थित उपचार कराने आये रोगियों से भी चर्चा कर उनसे व्यवस्था और उपचार के विषय में जानकारी की। उपस्थित लोगों ने आचार्य श्री विद्यासागर महाराज मुनिश्री अक्षय सागर के जयकारे के साथ आत्मीय आभार व्यक्त किया। अनेक रोग कि पीड़ा से राहत प्राप्त कर मुनिश्री के चरण स्पर्श कर आशिर्वाद प्राप्त किया। मोनिका शाह ने अपनी निः स्वार्थ सेवा से अनेक लोगों को पुराने से पुराने रोग से त्वरित राहत प्रदान कर सेवा भाव का उत्कृष्ट उदाहरण पेश किया जो शहर में सबसे अधिक चर्चा का विषय बना। साथ ही काया चिकित्सा विशेषज्ञ पूर्णायु वैद्य गोरव शाह जबलपुर, वैद्य श्री चंद्रमोली राजू, स्त्री रोग विशेषज्ञ वैद्या जमुना देवी चंद्रमौली, शल्य तंत्र विशेषज्ञ वैद्य लक्ष्मी कांत शुक्ला, वैद्य पायल बाथरे आयुर्वेदाचार्य, वैद्य सोनम त्यारल एमडी आयुर्वेदाचार्य, वैद्य श्रीवीरेन्द्र कुमार जैन आयुर्वेदाचार्य, वैद्य निकिता मगदूम नाड़ी परीक्षण विशेषज्ञ, वैद्य सौरभ ठाकुर आयुर्वेदाचार्य, वैद्य चंचल रघुवंशी शालाक्य तंत्र विशेषज्ञ, वैद्य मुरलीधर माहेश्वरी लिवर किडनी रोग विशेषज्ञ, तथा सहयोगी टीम पूना बैंगलोर, मुंबई, जबलपुर आदि स्थानों से आए टीम ने सराहनीय कार्य कर निरंतर सेवाये कर रही है।

### दो दर्जन से अधिक किसानों ने सीएम हेल्प लाइन में कराई शिकायत दर्ज

# बारिश में डूब गईं किसानों की उम्मीदें सोयाबीन बर्बाद होने से किसान बेहाल

हरिभूमि न्यूज ⏭ सीहोर

जिले के किसान इन दिनों दोहरी मार झेल रहे हैं। बारिश ने खेतों में खड़ी सोयाबीन की फसल को तहस-नहस कर दिया और अब लगातार हो रही वर्षा एवं जलभराव ने बची-खुची फसल भी बर्बाद कर दी। खेतों में पानी भरने से पक चुकी फलियां सड़ रही हैं और किसानों की मेहनत पूरी तरह डूब गई है।

इसी के चलते किसान काफी चिंतित हैं आज ग्राम कुंलास खुर्द, कुलांस कला, बमुलिया के दो दर्जनों किसानों ने सीएम हेल्प लाइन में शिकायत दर्ज करा कर विगत पाँच वर्षों से खराब हुई सोयाबीन की फसल का बीमा देने एवं वर्तमान में खराब हो रही फसलों की सर्वे कराने की मांग की है। किसानों का कहना है कि 15 दिन पूर्व किसान व



समाजसेवी एम.एस. मेवाड़ा के नेतृत्व में देश के प्रधानमंत्री मोदीजी, केंद्रीय कृषि मंत्री शिवराज सिंह चौहान और मुख्यमंत्री डॉ.मोहन यादव के नाम का ज्ञापन कलेक्टर महोदय को दे चुके हैं। साथ ही पीड़ित किसान कलेक्टर को जनसुनवाई में भी शिकायत दर्ज करा चुके है एवं डाक घर पहुंचकर किसानों ने प्रधानमंत्री, मुख्यमंत्री, कृषि मंत्री के नाम का रजिस्ट्री कर पोस्ट शिकायत भेज चुके हैं। एमएस मेवाड़ा ने कहा कि मुख्यमंत्री डॉ. मोहन यादव द्वारा विगत एक सप्ताह पूर्व शाजापुर में किसानों के बीच सभी कलेक्टरों को सर्वे करने का आदेश दिए जा चुके हैं एवं केंद्र कृषि मंत्री शिवराज सिंह चौहान द्वारा भी कलेक्टर सीहोर को खराब फसलों की सर्वे करने और बीमा राशि दिलाए जाने के निर्देश दिए जा चुके हैं लेकिन इसके बाद भी किसी प्रकार का कोई सर्वे नहीं किया गया। किसान व समाजसेवी एम.एस.मेवाड़ा सहित पीयूष वर्मा, राहुल, सुनील, कांता प्रसाद, श्यामलाल, श्रीपाल, सुनील, पप्पू, धर्मेंद्र, गब्बर, विनोद, हिरदेश, श्यामलाल, सुंदरलाल, महेश, मनीष, देवकरण, सुनील, हरि सिंह, शेर सिंह, रूप सिंह सहित दर्जनों किसानों ने सीएम हेल्प लाईन के माध्यम से शिकायत दर्ज कराई है।

# कृषि उपज मंडी में द ग्रेन मर्चेंट एसोशिएसन के चुनाव 27 को

### दो उम्मीदवारों ने भरे नामांकन, एक ने लिया नाम वापस

**सीहोर।** कृषि उपज मंडी सीहोर में द ग्रेन मर्चेंट एसोशिएसन के अध्यक्ष पद के लिए चुनाव होने जा रहे हैं। मंडी में इसके लिए चुनाव प्रक्रिया भी शुरु हो चुकी है। आगामी 27 सितंबर को व्यापारी अपना नया अध्यक्ष चुनने के लिए वोटिंग करेंगे। मंडी सरगर्मियों बढ़ने लगी हैं, अपने पक्ष में समर्थन जुटाने के लिए उम्मीदवार व्यापारियों से मेल जौल में लगे हुए हैं।

गौरतलब है कि कृषि उपज मंडी सीहोर में चुनाव की हलचल तेज हो गई है, पिछले बार यहां गल्ला व्यापारी पुनीत राठौर को द ग्रेन मर्चेंट एसोशिएसन का अध्यक्ष निविर्रोध चुना गया था। लेकिन इस बार व्यापारियों में आपसी सहमति न बन पाने के कारण यहां चुनाव होने जा रहे हैं।



अध्यक्ष पद के लिए तीन व्यापारियों में नामांकन जमा कराए थे। लखन राठौर ने अपना नाम वापस ले लिया है जबकि उमेश यादव और जितेन्द्र राठौर एसोशिएसन के चुनाव मैदान में हैं।

**सक्रिय सदस्य करेंगे वोट :** यहा 27 सिंतबर को वोटिंग होना है, जिसमें लाईसेंसी व्यापारी वोट कर सकते हैं। बताया जा रहा है कि सीहोर कृषि उपज मंडी में करीब 175 लाईसेंसी व्यापारी हैं जिनमें में 148 एसोशिएसन के सक्रिय सदस्य हैं, जो चुनाव में मतदान करेंगे। जबकि अध्यक्ष का कार्यकाल दो वर्ष का रहेगा। इस संबंध में द ग्रेन मर्चेंट एसोशिएसन के वर्तमान अध्यक्ष पुनीत राठौर ने बताया कि एसोशिएसन का सक्रिय सदस्य ही चुनाव प्रक्रिया में भाग ले सकता है। इस बार आपसी सहमति नहीं बन पाने के कारण वोटिंग प्रक्रिया से अध्यक्ष चुना जाएगा।

**खबर संक्षेप**



## 2 अक्टूबर तक मनाया जा रहा है सेवा पखवाड़ा

**सीहोर।** कलेक्टर बालागुरू के. के निर्देशानुसार जन भागीदारी, स्वच्छता, सेवा और जन कल्याणकारी कार्यक्रमों को व्यापक स्वरूप देने एवं नागरिकों में स्वच्छता, सेवा और सामुदायिक उत्तरदायित्व की भावना को प्रोत्साहित करने के उद्देश्य से सीहोर जिले में सेवा पखवाड़ा अभियान संचालित किया जा रहा है। यह सेवा पखवाड़ा अभियान 02 अक्टूबर तक चलेगा। अभियान के तहत 21 सितंबर को जिलेभर में अनेक स्थानों पर स्वच्छता कार्यक्रम, पौधरोपण कार्यक्रम, स्वच्छता रैली, स्वच्छता शपथ, स्वच्छता सभा सहित अनेक गतिविधियां आयोजित की गईं। इन गतिविधियों के दौरान जिलेभर में जनप्रतिनिधियों, अधिकारियों, कर्मचारियों, नागरिकों और स्कूली बच्चों ने स्वच्छता के लिए श्रमदान कर सभी को स्वच्छता का संदेश दिया।

## बीजों के विक्रेता को लायसेंस लेना अनिवार्य

**सीहोर।** औषधीय फसलों एवं सब्जी, मसाला, पुष्प के बीजों का व्यापार करने वाले व्यापारी को उद्यानिकी विभाग से लायसेंस लिये बिना विक्रय नहीं किया जा सकता है। बीजों के व्यापार करने के लिये विक्रेता उद्यानिकी विभाग से लायसेंस लेना अनिवार्य किया गया है। बिना बीज लायसेंस के व्यापार करते पाये जाने पर विक्रेताओं के विरूद्ध बीज अधिनियम-1966 एवं बीज नियंत्रण आदेश 1983 में उल्लेखित प्रावधान अनुसार वैधानिक कार्यवाही की जायेगी, जिसकी सम्पूर्ण जवाबदेही सम्बन्धित निजी बीज विक्रेता की रहेगी।

### कलेक्टर ने सोयाबीन फसल क्षति सर्वे के दिए निर्देश

# सर्वे से कोई भी प्रभावित किसान न छूटे: कलेक्टर बालागुरु के.

### टीएल बैठक में कलेक्टर बोले त्यौहारों के दौरान जिले में शांति एवं कानून व्यवस्था बनाये रखें राजस्व एवं पुलिस अधिकारी

हरिभूमि न्यूज ⏭ सीहोर

कलेक्टर बालागुरू के. की अध्यक्षता में जिला पंचायत सभाकक्ष में टीएल बैठक आयोजित की गई। बैठक में उन्होंने सभी विभागों के समय-सीमा वाले प्रकरणों और सीएम हेल्पलाइन में लंबित प्रकरणों की समीक्षा की और समय सीमा के भीतर सभी प्रकरणों का संतुष्टिपूर्ण निराकरण करने के निर्देश दिए। सीएम हेल्पलाइन के प्रकरणों की समीक्षा के दौरान कलेक्टर बालागुरू के. ने कहा कि ऐसे प्रकरण जिनका निराकरण नियमानुसार किया जाना संभव नहीं है उन्हें फोर्स क्लोज किया जाए।

टीएल बैठक में कलेक्टर बालागुरू के ने निर्देश दिए कि समस्त विभाग के अधिकारी माह सितंबर 2025 एवं 50 दिवस से अधिक समय से लंबित शिकायतों का शीघ्र निराकरण करे। कोई भी अनिराकृत शिकायत उच्च स्तर पर प्रेषित न हो। उन्होंने कहा कि स्पेशल क्लोज कराई जाने वाली शिकायतों के निराकरण में वस्तु स्थिति स्पष्ट कर लें। उन्होंने आगामी माह में 10 तारीख के बाद सीएम हेल्पलाइन की शिकायतें ट्रांसफर नहीं करने के निर्देश दिये।

टीएल बैठक के दौरान कलेक्टर बालागुरू के. ने राजस्व एवं कृषि विभाग के अधिकारियों को जिले में अतिवर्षा से सोयाबीन फसल को हुई क्षति का खेतों में जाकर सर्वे करने के निर्देश दिए। उन्होंने कहा कि कोई भी प्रभावित किसान सर्वे से न छूटे। उन्होंने सर्वे की रिपोर्ट जल्द प्रस्तुत करने के संबंधित अधिकारियों को निर्देश दिये। उन्होंने सभी जनपद सीईओ तथा नगरीय निकायों के सीएमओ को निर्देश दिये कि संबल योजना के पात्र हिग्राहियों को अनुग्रह राशि का भुगतान समय पर हो सके इसके लिये जिस परिवार में मुखिया की मृत्यु हुई है, उस परिवार को अनुग्रह राशि दिलाने के लिये शीघ्र आवेदन की कार्यवाही की जाये।



बैठक में कलेक्टर बालागुरू के. ने दुर्गा उत्सव के दौरान जिले में शांति एवं कानून व्यवस्था बनाये रखने के निर्देश दिये। उन्होंने कहा कि सलकनपुर में सभी अधिकारी ड्यूटी पर उपस्थित रहें और आवागमन, पूजा अर्चना की गतिविधियों को सुगमता से संचालित करें। उन्होंने कहा कि उत्सव के समापन पर दुर्गा प्रतिमा विसर्जन घाटों पर लाइट, क्रेन, गोताखोर, बैरिकेडिंग, साफ-सफाई, अधिकारियों-कर्मचारियों की ड्यूटी लगाई जाए। इसके साथ ही सभी आवश्यक व्यवस्था सुनिश्चित की जाएं। उन्होंने कहा कि प्रतिमा विसर्जन केवल निर्धारित स्थानों पर ही किया जाये। इसके साथ ही उन्होंने निर्देश दिए कि बारिश के दौरान जोखिम पूर्ण पर्यटन स्थलों पर लोगों को जाने से रोकें।

कलेक्टर बालागुरू के ने बैठक में सेवा पखवाड़ा के तहत जिले में 17 सितम्बर से जिले में विभिन्न विभागों द्वारा संचालित की जा रही गतिविधियों की समीक्षा की। उन्होंने कहा कि सभी कार्यक्रम निर्धारित तिथि एवं समय पर किये जायें। उन्होंने सभी गतिविधियों, कार्यक्रमों में स्थानीय जनप्रतिनिधियों एवं नागरिकों को अधिक से अधिक संख्या में शामिल करने के निर्देश दिए। उन्होंने निर्देश दिए कि प्रतिदिन की गतिविधियों को पोर्टल पर अपलोड भी किया जाये। इसके साथ ही कलेक्टर बालागुरू के ने वन ग्रामों को राजस्व ग्रामों संपरिवर्तन, विभिन्न परियोजनाओं के लिये भू अर्जन एवं मुआवजा वितरण टीएल प्रकरणों की समीक्षा की। बैठक में अपर कलेक्टर वृंदावन सिंह, संयुक्त कलेक्टर वंदना राजपूत, रविंद्र परमार, एसडीएम तन्मय वर्मा, स्वाति मिश्रा सहित अन्य अधिकारी उपस्थित थे।

## बैंक ने की सदस्यों को 9 प्रतिशत लाभांश की घोषणा




**सीहोर।** सीहोर नागरिक सहकारी बैंक की 42 वीं वार्षिक साधारण आमसभा स्थानीय पार्वती पैलेस, तहसील चौराहा, सीहोर में सम्पन्न हुई। सर्वप्रथम माँ सरस्वती के चित्र पर माल्यार्पण एवं दीप प्रज्जवलित कर कार्यक्रम का शुभारंभ किया गया। जिसमें रंजीत रैकवार एवं रमेश रैकवार सहकारी निरीक्षक, बैंक प्रभारी मुख्य महाप्रबंधक राजेश कुमार पुरोहित, शाखा प्रबंधक अजय कुमार तिवारी, सुनील भालेराव, विजय कुमार जैन, मुख्य महाप्रबंधक राजेन्द्र सिंह सिसौदिया, पूर्व उपाध्यक्ष ओम राय एवं प्रकाश राठौर द्वारा किया गया। बैंक प्रभारी मुख्य महाप्रबंधक, शाखा प्रबंधक एवं बैंक कर्मचारियों ने समस्त उपस्थित अंशधारी सदस्यों को पुष्पमाला पहना कर स्वागत किया। वार्षिक साधारण आमसभा में अंकेक्षित स्थिति विवरण शाखा प्रबंधक अजय कुमार तिवारी द्वारा प्रस्तुत किया गया, शुद्ध लाभ का विभाजन सुनील भालेराव, श्याम दयाल मेहता द्वारा आय-व्यय का अनुमानित बजट प्रस्तुत किया गया। बैंक की वार्षिक कार्ययोजना बैंक प्रभारी मुख्य महाप्रबंधक राजेश कुमार पुरोहित द्वारा प्रस्तुत की गई। इस वर्ष बैंक द्वारा समस्त सदस्यों को 9 प्रतिशत लाभांश देने की घोषणा प्रभारी मुख्य महाप्रबंधक द्वारा की गई। इस अवसर पर सुनील कुमार दुबे, पूर्व मुख्य महाप्रबंधक राजेन्द्र सिंह सिसौदिया ने बैंक की प्रगति का श्रेय समस्त बैंक कर्मचारियों के तालमेल और ईमानदारी से कार्य करने व सदस्यों के सहयोग को दिया आप सबकी मेहनत व ईमानदारी से ही सीहोर नागरिक सहकारी बैंक का नाम आज मध्यप्रदेश की अच्छी नागरिक बैंकों में लिया जाता हैं। देवेन्द्र कुमार आर्य द्वारा बैंक की जमाओं में वृद्धि करने का सुझाव दिया गया। वार्षिक साधारण आमसभा में बैंक कर्मचारी शिव राय, श्याम मेहता, खयंक वशिष्ठ, सन्नी गोस्वामी, प्रेमलता सक्सेना, दीक्षा मालवीय, रामकिशन मेवाड़ा, संजय जोशी, मनोहर सिंह राय, ओमप्रकाश नापित, बूंद-बूंद सागर जमा योजना अभिकर्ता शिवप्रसाद राजपूत उपस्थित थे। कार्यक्रम कें अंत में आभार एवं संचालन सुनील भालेराव द्वारा किया गया।

## सेवा पखवाड़ा के तहत पौधा रोपण किया



**भैरूंदा।** रविवार को लाड़कुई मंडल अध्यक्ष के नेतृत्व में सेवा ही पखवाड़ा अभियान में एक पेड़ मां के नाम तहत पौधा रोपण किया गया। वहीं भाजपा कार्यकर्ताओं एवं क्षेत्रीय विधायक युवा नेता कार्तिकेय सिंह चौहान सहित अतिथियों का स्वागत किया गया। इस मौके पर क्षेत्रीय विधायक रमाकांत भार्गव,युवा नेता कार्तिकेय सिंह चौहान, पूर्व जिलाध्यक्ष रवि मालवीय , भाजपा नेता रघुनाथ भाटी, भाजपा मंडल अध्यक्ष लाड़कई पवन मीणा, श्याम सिंह ठाकुर ,एवं वरिष्ठ जन,पदाधिकारी कार्यकर्ता सहित अन्य गणमान्य उपस्थित रहे।

## नवरात्रि पर्व में बंद रहेगी अंडा, मांस और मछली की दुकानें, विक्रेताओं ने सर्वसम्मति से लिया निर्णय

**इछावर।** - नगर से एक बार फिर गंगा - जमुनी तहजीब का एक बड़ा उदाहरण सामने आया है। दरअसल नवरात्रि के महापर्व के चलते नगर में संचालित अंडे , मांस और मछली की दुकानें विक्रेताओं ने पूरे नो दिन बंद रखने का निर्णय लिया है। सोमवार को सर्वधर्म सदस्यों की एक बैठक आयोजित की गई। जिसमें सभी ने सर्वसम्मति से नवरात्रि में पूरे नो दिन अपनी दुकानें बंद रखने का निर्णय लिया है। बैठक में इस संबंध में एक प्रस्ताव पारित कर नपं अध्यक्ष देवेंद्र वर्मा को भेजा गया है। जिसमें सभी विक्रेताओं ने अपनी दुकानें पर्व के दौरान स्वेच्छा से बंद रखने के निर्णय से अवगत कराया है। अंडा और चिकन शाप संचालक मतीन खा, अकरम खान, सबीर मंसूरी का कहना है कि नवरात्रि का पर्व हिन्दू आस्था और श्रद्धा का पर्व है। इसमें अंडे, मांस को वर्जित माना जाता है। ऐसे में हमने उनकी आस्था को ध्यान में रखते हुए पर्व के दौरान अंडे, मांस की ब्रिकी नहीं करने का निर्णय सर्वसम्मति से लिया है।



नगर अध्यक्ष देवेंद्र वर्मा का कहना है कि मुस्लिम धर्मावलंबियों द्वारा लिया गया यह निर्णय बेहद सराहनीय है। यह निश्चित रूप से कोमी एकता को बढ़ावा देने वाला निर्णय है। बैठक में प्रमुख रूप से नगर पालिका के कर्मचारी राजेश बाहेती, त्रिलोक पवार, अर्जुन परमार, महेंद्र मालवीय अनवर खा, जितेंद्र पवार, सबीर मंसूरी, राकेश वर्मा, विमलेश मेवाड़ा, मुबारिक खा, शुभम वर्मा, शमीर, राजा खा, राजा पठान, मतीन कुरेशी, चांद मियां आदि प्रमुख रूप से उपस्थित थे।

## मैराथन रैली निकाल कर सांदीपनी स्कूल में बच्चों ने अभियान के तहत झाड़ू लगाकर किया श्रमदान




**भैरुंदा।** 17 सितंबर से 2अक्टूबर तक शासन के दद्वारा सेवा स्वच्छता पखवाड़ा मनाया जा रहा है। इस अभियान के नगर के सांदीपनी स्कूल में मैराथन रैली का आयोजन हुआ। नपा अध्यक्ष मारुति शिशिर,सीएमओ आरपी सिंह भावरे के निर्देश अनुसार सांदीपनी स्कूल में बच्चों के द्वारा मैराथन कार्यक्रम आयोजन किया गया। छात्र-छात्राओं की मैराथन रैली की शुरुआत स्कूल से हुई जो कि जेपी मार्केट से होते हुए पुनः संदीपनी स्कूल प्रांगण में पहुंची। ओर रैली का समापन हुआ वहीं छात्र छात्राओं ने स्वच्छता अभियान चलाकर स्कूल प्रांगण में झाड़ू लगाकर सफाई की। स्कूल प्राचार्य शैलेंद्र लोया , के साथ समस्त शिक्षक एवं छात्र-छात्राओं ने झाड़ू लगाकर स्कूल प्रांगण की सफाई कर श्रमदान किया। इस अभियान में संदीपनी स्कूल प्राचार्य शैलेंद्र लोया,सचिन त्रिवेदी स्पोर्ट टीचर अकरम खान ,सत्यनारायण कुशवाहा माया ,साक्षी तिवारी एवं सफाई दरोगा अशरफ खान राहुल सोलंकी मुकेश राजपूत स्कूल के समस्त स्टाफ उपस्थित रहे।




## भैरूंदा सिविल अस्पताल में विशाल रक्तदान और स्वास्थ्य शिविर हुआ आयोजित

हरिभूमि न्यूज ⏭ भैरुंदा

कलेक्टर बालागुरू के. के निर्देशानुसार जिले में मातृ एवं शिशु स्वास्थ्य सेवाएं प्रदान करने तथा मातृ एवं शिशु मृत्यु दर को कम करने के उद्देश्य से जिले में स्वस्थ नारी सशक्त परिवार अभियान संचालित किया जा रहा है। अभियान के तहत जिलेभर में स्वास्थ्य संस्थाओं पर स्वास्थ्य शिविर आयोजित कर महिलाओं, किशोरियों, बच्चों एवं अन्य सभी नागरिकों स्वास्थ्य सेवाएं प्रदान की जा रही हैं। इसी क्रम में 21 सितंबर को अभियान के तहत भैरूंदा सिविल अस्पताल में विशाल रक्तदान एवं महिला स्वास्थ्य परीक्षण शिविर आयोजित किया गया। इस शिविर का शुभारंभ विधायक रमाकांत भार्गव, कार्तिकेय चौहान, रघुनाथ भाटी एवं रवि मालवीय ने किया। स्वास्थ्य शिविर में डॉक्टरों एवं विशेषज्ञों द्वारा महिलाओं, किशोरियों और बच्चों की जांच की गई एवं स्वास्थ्य सेवाएं प्रदान की गईं। भैरूंदा सिविल अस्पताल के साथ ही जिलेभर में सभी स्वास्थ्य संस्थाओं पर स्वास्थ्य शिविर आयोजित किए गए।



## श्री विश्वकर्मा समाज सेवा समिति की नवीन कार्यकारिणी गठित



**सीहोर।** विश्वकर्मा समाज सेवा समिति सीहोर की बैठक आयोजित हुई जिसमें सर्वसम्मति से कमल किशोर विश्वकर्मा को समाज का नवीन अध्यक्ष, बृजेश विश्वकर्मा को उपाध्यक्ष, राजेश विश्वकर्मा सचिव नियुक्त किया गया। बैठक की अध्यक्षता डॉ. अशोक विश्वकर्मा ने की। समिति के पूर्व अध्यक्ष शैलेन्द्र विश्वकर्मा द्वारा कार्यकाल पूर्ण होने पर इस्तीफा दिए जाने के पश्चात यह निर्णय लिया गया। बैठक में प्रमुख रूप से समिति के पूर्व उपाध्यक्ष संदीप विश्वकर्मा, पूर्व सचिव दिनेश विश्वकर्मा एवं सदस्यगणों व समाज के वरिष्ठजनों ने नवीन पदाधिकारियों का स्वागत कर बधाई दी एवं पूर्ण सहयोग का आश्वासन दिया। इस मौके पर नवांगतुक अध्यक्ष कमल किशोर विश्वकर्मा ने सभी का आभार व्यक्त करते हुए कहा कि मुझे जो दायित्व सौंपा गया है, उसका मैं पुरी ईमानदारी व निष्ठा के साथ वे समाज की एकता, शिक्षा, रोजगार और सामाजिक आयोजनों व संगठन को मजबूत करने के लिए निरंतर प्रयासरत रहूंगा।

### दशहरे पर इस बार रेनकोट पहनकर इंद्र को ललकारेगा दशानन

# छावनी दशहरा उत्सव समिति ने किया बाल विहार मैदान में विधि-विधान से भूमि पूजन

हरिभूमि न्यूज ⏭ सीहोर

आगामी दिनों में इस बार रावण को चोला बदलने पर मजबूर कर दिया है। आयोजक रावण के पुतले को वाटरप्रूफ बना रहे हैं ताकि बारिश की स्थिति में रावण दहन देखने आए दर्शकों को मासूस न होना पड़े। इसके लिए सोमवार को भूमि पूजन में बाल विहार मैदान पर पहुंचे छावनी दशहरा उत्सव समिति के मुख्य संरक्षक जसपाल सिंह अरोरा ने इस बार भी वाटर प्रूफ रावण आदि के पुतले बनाए जाने का आर्डर दिया है।

प्रतिवर्ष अनुसार इस वर्ष भी छावनी दशहरा उत्सव समिति के तत्वाधान में अधर्म पर धर्म की विजय श्री का पर्व विजयादशमी आस्था और उत्साह के साथ मनाया जाएगा। बदलते हुए मौसम को देखते हुए समिति के संरक्षक पूर्व जिला पंचायत अध्यक्ष जसपाल सिंह अरोरा ने रावण निर्माण समिति को निर्देश दिए है कि वाटर प्रूफ रावण, मेघनाथ के साथ कुंभकरण के पुतले का निर्माण करें। इसके अलावा अलावा भव्य राम बारात चल समारोह का गठन किया गया है। राम बारात शनिवार को रात्रि सात बजे शहर के नमक चौराहे स्थित श्री सिद्ध हनुमान मंदिर से आरंभ होकर शहर के गांधी रोड, चरखा लाइन, बड़ा बाजार से होकर रावण दहन स्थल बाल विहार पहुंचेगी। आयोजन की तैयारियां को लेकर भूमि पूजन के अलावा मैदान का समतलीकरण आदि के विषय पर भूमि पूजन के दौरान समिति से चर्चा की गई। इस मौके पर भूमि पूजन कार्यक्रम की अध्यक्षता वरिष्ठ समाजसेवी हरीश अग्रवाल और अध्यक्ष आशीष गहलोत ने की।



इस संबंध में जानकारी देते हुए छावनी दशहरा उत्सव समिति के मीडिया प्रभारी प्रियांशु दीक्षित ने बताया कि हर वर्ष की तरह इस वर्ष भी समिति के तत्वाधान में शहर के बाल विहार मैदान पर उत्साह और आस्था के साथ दशहरा पर्व मनाए जाने की तैयारियां शुरू हो गई है। जोरदार आतिशबाजी और रोशनी के मध्य रावण का दहन किया जाएगा। रावण दहन के पूर्व भगवान श्रीराम की बारात शहर के सब्जी मंडी स्थित हनुमान मंदिर से निकाली जाएगी जो शहर के मुख्य मार्ग से होती हुई मैदान पर पहुंचेगी।

इस साल भी आस्था और उत्साह के साथ विजयादशमी का पर्व मनाया जाएगा। इसके लिए समिति के द्वारा तैयारियां की जा रही है। राजधानी भोपाल में करीब 71 फीट के रावण के साथ मेघनाथ और कुंभकरण के पुतलों का निर्माण किया जा रहा है। कार्यक्रम के दौरान शहर के भव्य बाल विहार मैदान पर रावण, कुंभकरण और मेघनाथ के पुतलों का दहन के पहले भगवान श्रीराम और रावण की सेना के बाद महायुद्ध और लगातार तीन घंटे तक आकाशीय बहुरंगी आतिशबाजी का प्रदर्शन किया जाएगा। इस साल बारिश को देखते हुए वाटर प्रूफ रावण के अलावा अन्य पुतलों का निर्माण किया जा रहा है। वहीं मुंबई से जोरदार आतिशबाजी बुलाई गई है।

## जो श्राद्ध करता है, उसकी इच्छाएं पूरी होतीः कथा वाचक पंडित मोहितराम पाठक




**सीहोर।** महाभारत और पद्मपुराण सहित अन्य स्मृति ग्रंथों में कहा गया है कि जो पितृपक्ष में अपने पितरों के निमित्त सामर्थ्य के अनुरूप पूरी विधि से श्राद्ध करता है, उसकी इच्छाएं पूरी होती हैं। घर-परिवार में शांति होती है। व्यवसाय तथा आजीविका में उन्नति होती है। साथ ही हर तरह की रुकावटें दूर हो जाती हैं। उक्त बात शहर के सैकड़ाखेड़ी स्थित संकल्प वृद्धाश्रम में जारी 16 दिवसीय श्राद्धपक्ष के अंतिम दिन रविवार को अमावस्या पर कथा वाचक गौभक्त पंडित मोहितराम पाठक ने कहे। इस मौके पर रविवार को उनका स्वागत संस्कार मंच के संयोजक जितेन्द्र तिवारी, मोहन गोस्वामी, आकाश राय, कमलेश राय आदि ने किया।

उन्होंने कहाकि नशा धीमा जहर है, जो पहले व्यक्ति फिर उसके परिवार का बर्बाद करता है। नशा मनुष्य जीवन का नाश करता है। बेहतर जीवन के लिए नशे से दूर रहना ही समझदारी है। नशा करने वाला व्यक्ति अपना कितना धन व सम्मान नशे में खो देता है, उसे स्वयं ही मालूम नहीं होता। नशे की लत छूटने उपरांत उसे इसके दुष्परिणामों का एहसास होता है तथा पश्चाताप करता है कि उसने यह नशे की लत पहले ही क्यों नही छोड़ी।

**नाम परिवर्तन**

सर्वसाधारण को इस जाहिर सूचना के माध्यम से सूचित किया जाता है कि मै जितेन्द्र परमार आ.श्री रूप सिंह परमार निवासी ग्राम भोजनगर तहसील व जिला सीहोर म.प्र. मेरी अवयस्क पुत्री के आधार कार्ड क (7568 3912 5729) में त्रुटीवश उसका नाम जिया (JIYA) दर्ज हो गया है जबकि मेरी पुत्री का सभी शासकीय दस्तावेजो अंक सूची, जन्म प्रमाण पत्र मे वास्तविक नाम अनाया परमार (ANAYA PARMAR ) पुत्री श्री जितेन्द्र परमार है। अतः प्रकाशन उपरांत मेरी पुत्र का नाम अनाया परमार (ANAYA PARMAR) के नाम से जाना व पहचाना जावे।
सर्व, साधारण को सूचित होवे।
**भवदीय, जितेंद्र परमार आ. श्री रूपसिंह परमार निवासी ग्राम भोजनगर तहसील व जिला सीहोर मप्र 9179968927**

**नाम परिवर्तन**

सर्व साधारण को इस जाहिर सूचना के माध्यम से सूचित किया जाता मैं सुशील महेश्वरी आ.श्री छोटेलाल महेश्वरी आयु 71 वर्ष निवासी सुदामानगर गंज सीहोर तहसील व जिला सीहोर म.प्र. मेरे आधार कार्ड में त्रुटीवश नाम **ओम प्रकाश महेश्वरी आ. मुरलीधर महेश्वरी** (OM PRAKASH MAHESHWARI S/O MURALIDHAR) दर्ज हो गया है जबकि मेरा का सभी शासकीय दस्तावेज शासकीय दस्तावेज अंक सूची, राशनकार्ड, वोटर आई.डी समग्र आई डी. मे मेरा वास्तविक नाम **सुशील महेश्वरी S/O छोटेलाल महेश्वरी** (SUSHIL MAHESHWARI S/O CHHOTELAL है।
अतः प्रकाशन उपरांत मेरा नाम **सुशील महेश्वरी S/O छोटेलाल महेश्वरी** (SUSHIL MAHESHWARI S/O CHHOTELAL के नाम से जाना व पहचाना जावे।
सर्व साधारण को सूचित होवे।
**भवदीय, सुशील महेश्वरी आ .श्री छोटेलाल निवासी सुदामानगर गंज सीहोर व जिला सीहोर मप्र**

## नपाध्यक्ष प्रतिनिधि बोले - मोबीलिटी यूरिनल से लेकर पानी की रहेगी उचित व्यवस्था

# आम जनता के लिए सुविधाओं से युक्त होगा नया दशहरा मैदान





हरिभूमि न्यूज ▶▶ब्यावरा

पुराने दशहरा मैदान पर रहवासी बस्ती होने के कारणों को ध्यान में रखते हुए नगरपालिका अध्यक्ष प्रतिनिधि ने नए मैदान को दशहरा के लिए तैयार कर लिया है। जिसमें हर तरह की सुविधाओं को ध्यान में रखा गया है। जहां से मीट-मटन की दुकानों को हटाकर जहां अजनार के दूसरी ओर शिफ्ट किया गया है और मैदान पर दशहरा पर्व पर आने वालों के लिए पानी के टेंकर से लेकर चलित यूरीनल की व्यवस्था का आश्वासन नगरपालिका अध्यक्ष प्रतिनिधि द्वारा दिया गया है। जिससे दशहरा पर्व पर आने वाले नगरवासियों को किसी भी तरह की परेशानी का सामना न करना पड़े। वहीं नगरपालिका सीएमओ इकरार अहमद की देखरेख में मैदान का समतलीकरण और अन्य व्यवस्थाओं को पूरा किया जा रहा है जिसमें कई काम पूर्ण कर लिए गए है और अन्य काम जल्दी ही पूरे कर लिए जावेगें।

### हटाई गई मीट-मटन की दुकानें

जहां पर दशहरा मैदान तैयार किया गया है वहां पर पूर्व में कई मीट-मटन की दुकानें संचालित की जा रहीं थी वहां पर सीएमओं और पुलिस प्रशासन ने जाकर अतिक्रमाण हटाने व अपनी दुकानों को नदी के दूसरी और शिफ्ट करने की बात कहीं जिसे दुकानदारों ने सहर्ष मान लिया व अपनी दुकानों को अजनार नदी के दूसरी ओर ले लाकर दशहरा मैदान को नानबेज से मुक्त किया।

### नपा अध्यक्ष प्रतिनिधि बोले - सभी सुविधाओं से युक्त होगा नया दशहरा मैदान

इस बारे में जब नगर पालिका अध्यक्ष प्रतिनिधि पवन कुशवाह से बात हुई तो उन्होंने बताया कि हमने सभी जरूरी और आवश्यक चीजों को घ्यान में रखते हुए आम जनता का ध्यान रखा जाएगा। नए दशहरा मैदान पर पीने के पानी के टैंकर से लेकर मोबीलिटी वाले यूरिनल लगाए जाएंगे। जिससे वहां मैदान पर उपस्थित लोगों को किसी तरह की परेशानी का सामना न करना पड़े।

### नगरवासियों ने किया नए मैदान निर्णय का स्वागत

नगरवासियों ने नए मैदान के चयन पर नपाध्यक्ष का स्वागत करते हुए कहा है कि यह मैदान कई दृष्टि से उपयुक्त एवं सही है। यहां पर आनेजाने वालों के लिए कई सुलभ रास्ते है जिससे शहर में जाम की स्थिती से मुक्ति मिलेगी और अजनार के किनारें होने के कारण यह धार्मिक एवं आध्यात्मिक दृष्टि से भी अच्छा माना जा रहा है नगरपालिका के इस निर्णय का शहरवासियों ने स्वागत किया है।

# 21 अक्टूबर को प्रदेश सहित देश में 'बहुरानी दिवस' मनाने सौंपा ज्ञापन

## लाल चुनर संगठन 4 वर्षों से करता आ रहा है आयोजन



**राजगढ़।** अपने परिवार को एकसूत्र में पिरोकर रखने वाली मातृ-शक्तियों के सम्मान में कुछ वर्षों पहले लाल चुनर गैंग द्वारा 21 अक्टूबर को 'बहुरानी' दिवस के रूप में मनाया जा रहा है। लेकिन यह आयोजन फिलहाल राजगढ़ व आसपास के कुछ जिलों तक ही सीमित है। ऐसे में बहुरानी दिवस संपूर्ण प्रदेश एवं देश में मनाए जाने की मांग को लेकर नगर की अनेकों महिलाओं द्वारा रविवार को राष्ट्रपति के नाम एसडीएम निधि भारद्वाज को ज्ञापन सौंपा गया।

ज्ञापन में उल्लेख है कि जब एक बेटी अपने घर, परिवार, मित्रों को छोड़कर विवाह उपरान्त नए घर में प्रवेश करती है तो बहु कहलाती है। बहु बनते ही उसके साथ अपने ससुराल की पूरी जिम्मेदारियां जुड़ जाती हैं। पति, मां, बहु हर रूप में वो पूरे परिवार को एकसूत्र में पिरोने की चाह रखते हुए कर्तव्यों को निभाने में पीछे नहीं हटती। ज्ञापन में आगे उल्लेख है कि चार वर्षों पहले लाल चूनर के स्थापना दिवस 1 अक्टूबर से परिवार की रीड़ की हड्डी कहे जाने वाली बहुओं के सम्मान में बहुरानी दिवस की शुरूआत की गई है। ज्ञापन में महामहिम राष्ट्रपति से मांग की गई है कि आपके माध्यम से पूरे प्रदेश एवं देश में 1 अक्टूबर बहुरानी दिवस के रूप में मनाने का संदेश पहुंच सके।

**ज्ञापन के पूर्व निकाली रैली:** कार्यक्रम की आयोजक एवं समाजसेवी मोना सुस्तानी के नेतृत्व में सौंपे गए उक्त ज्ञापन के पूर्व अनेकों मात-शक्तियों द्वारा नगर के मुख्य मार्गों से होकर एक रैली निकाली गई। इस रैली का स्थान-स्थान पर विभिन्न सामाजिक व अन्य संगठनों द्वारा पुष्पवर्षा इत्यादि से स्वागत, अभिनंदन किया गया।

## कपिलेश्वर तीर्थ धाम पर भक्तों ने लगाई आस्था की डुबकी

**सारंगपुर।** सर्व पितृ अमावस्या के पावन अवसर पर सारंगपुर क्षेत्र के प्रसिद्ध कपलेश्वर तीर्थ धाम पर स्थित कालीसिंह नदी पर सुबह 4 बजे से ही भक्तों की अपार भीड़ देखी गई( भक्तों ने कृष्ण सिंधु में डुबकी लगाकर भगवान कपलेश्वर नवग्रह, शनिदेव, हनुमान जी एवं गौ माता के दर्शन कर पुण्य लाभ लिया। वहीं कृष्ण सिंधु काली सिंध में पंडे पुजारी ने भी स्नान कर नवरात्रि पर्व की तैयारी के लिए शुद्धिकरण किया। बड़ी संख्या में श्रद्धालु इस धाम पर पहुंचे पुलिस प्रशासन की और से भी सुरक्षा के लिए जवान तैनात किए गए थे। कपिलेश्वर तीर्थ पर भक्तों का विहंगम दृश्य हर किसी का मन हो रहा था।

## सांसद खेल महोत्सव 2025 का शुभारंभ



**चाचौड़ा।** सांसद खेल महोत्सव 2025 का आगाज रविवार को उत्साहपूर्ण माहौल में हुआ। प्रथम दिवस के अंतर्गत शासकीय कन्या स्नातक महाविद्यालय, चाचौड़ा-बीनागंज परिसर में विभिन्न खेल प्रतियोगिताओं का आयोजन किया गया। उद्घाटन अवसर पर मंचासीन अतिथियों में मंडल अध्यक्ष चाचौड़ा प्रदुमन मीना, एसडीएम चाचौड़ा रवि मालवीय, नगर पालिका उपाध्यक्ष रश्मि कल्लू शर्मा, प्रभारी प्राचार्य रानी शाक्य, पूर्व नगर पालिका अध्यक्ष प्रदीप नाटानी, श्रीकृष्ण (भोला) सोनी, विधायक प्रतिनिधि नंदू सैनी, मंडल महामंत्री गौरव चौकसे सहित वरिष्ठ कार्यकर्ता सौभाग्यमल पालीवाल, राजेश खंडेलवाल, आशा बागवानी और प्रियांशु राजावत विशेष रूप से उपस्थित रहे।कार्यक्रम में महाविद्यालय के प्राध्यापकगण, क्रीड़ा प्रभारी और बड़ी संख्या में छात्र-छात्राएं सम्मिलित हुए।सांसद खेल महोत्सव का मुख्य उद्देश्य युवाओं की खेल प्रतिभा को प्रोत्साहित करना, उनमें प्रतिस्पर्धा और अनुशासन की भावना विकसित करना तथा स्वस्थ और ऊर्जावान समाज का निर्माण करना है। इस अवसर पर सभी अतिथियों ने खिलाड़ियों को शुभकामनाएं दीं और उज्ज्वल भविष्य की मंगलकामनाएं व्यक्त कीं।

## वक्ताओं ने नशामुक्ति, स्वदेशी उत्पादों को अपनाने पर दिया जोर

# नई उमंग, नई तरंग थीम पर यूथ समिट का आयोजन

हरिभूमि न्यूज ▶▶राजगढ़

ब्रहाकुमारीज संस्था के तत्वावधान में रविवार को शिव-वरदान भवन में नशामुक्ति एवं स्वदेशी अपनाने के लिए सेवा पखवाड़े के तहत नई उमंग, नई तरंग थीम पर युवा समिट का आयोजन किया गया। कार्यक्रम की शुरुआत दीप प्रज्वलित कर प्रभुस्मृति से की गई। इस अवसर पर रोहित ने युवाओं को संबोधित करते हुए कहा कि आप ही उज्ज्वल भारत के भविष्य हैं। आपमें में से ही किसी को स्वामी विवेकानंद बनना है, आपमें से ही किसी को अब्दुल कलाम बनना है और आपमें से ही किसी को राजनेता बनना है। हम सबके अंदर असीम ऊर्जा है, सिर्फ उसे भूले हुए है, हमें खुद को सशक्त बनाकर स्वर्णिम भारत, विकसित भारत बनाने में लगना है।

कार्यक्रम में बालिकाओं ने नशामुक्ति एवं स्वस्थ जीवनशैली अपनाने पर प्रेजेंटेशन दिया। कार्यक्रम में उपस्थिति अतिथियों ने भी अपने-अपने उद्गार व्यक्त किए। डॉ अभिनव विजयवर्गीय ने बताया कि नशे की लत मुख्यतः दोस्तों के दबाव, परिवार के किसी सदस्य द्वारा नशे का सेवन, अधिक तनाव होना आदि आदि कारणों से लगती है। इसके लिए आध्यात्म से जुड़ना, सही साथियों का चयन आवश्यक है। उन्होंने सभी युवाओं को ब्रह्माकुमारी आश्रम आने के लिया प्रोत्साहित किया।



### अपनी ऊर्जा राष्ट्रनिर्माण के लिए भी लगाएं

दीपक मोची ने अपना अनुभव साझा करते हुए बताया कि वे भी नशे का सेवन करते थे परंतु आश्रम आकर राजयोग के अभ्यास एवं प्रतिदिन सत्संग से वे नशे से बाहर आ गए। ब्रह्माकुमारी मधु दीदी ने सभी युवाओं को अपनी ऊर्जा को राष्ट्र निर्माण की ओर लगाने का संकल्प दिलाया। इस कार्यक्रम में माउंट आबू राजस्थान से आए ब्रह्माकुमार रोहित भाई, डॉक्टर अभिनव विजयवर्गीय, अहिंसा वेलफेयर सोसाइटी राजगढ़ के प्रभारी अरुण सतालकर, बॉयज हॉस्टल के प्रभारी एवं शिक्षक मुकेश पिपलोटिया, पंजाब नेशनल बैंक के मैनेजर दीपक मोची, राजगढ़ जिला प्रभारी ब्रह्माकुमारी मधु दीदी आदि अतिथिगण मौजूद रहे।

# गौमाता न्याय यात्रा के संबंध में कम्प्यूटर बाबा पहुंचे राजगढ़

### 14 अक्टूबर को गायों को लेकर मुख्यमंत्री निवास पहुंचने का किया आग्रह

हरिभूमि न्यूज ▶▶राजगढ़

गौमाता न्याय यात्रा के तहत कम्प्यूटर बाबा के नाम से प्रसिद्ध संत नामदेव दास त्यागी रविवार को राजगढ़ पहुंचे। यहां उन्होंने एक प्रेसवार्ता को संबोधित करते हुए कहा कि गौमाता की स्थिति न केवल राजगढ़ बल्कि पूरे प्रदेश में दयनीय है। उन्होंने कहा कि आगामी 14 अक्टूबर को हम प्रदेश भर के गौसेवक मुख्यमंत्री निवास के सम्मुख पहुंचेंगे और गौवंश को बचाने आंदोलन किया जाएगा।

आगे उन्होंने कहा कि पूरे मध्यप्रदेश में कुत्तों से बद्तर हाल में गौ-माताएं सड़कों पर लावारिस हालत में घूम रही हैं। वर्तमान स्थिति में कुत्ते तो सड़क से लोगों के घरों में पहुंच गए लेकिन हमारी गौमाता घरों के आंगन से सड़क पर पहुंच गई है। प्रदेश के मुख्यमंत्री डॉ. मोहन यादव को चाहिए कि वे गौवंश की चिंता करें। जब देश के प्रधानमंत्री और मुख्यमंत्री दोनों गौमाता की रक्षा की बात करते हैं तो फिर प्रदेश में गौमाताएं सड़कों पर क्यों तड़प-तड़पकर दम तोड़ रही हैं। गौमाता को न्याय दिलाने के लिए राजमाता दर्जा दिया जाए और प्रदेश में गौ-अभ्यारण्य बनाया जाए। मोहन सरकार को भले ही गायों की जरूरत नहीं है लेकिन गौवंश को जरूर डॉ. मोहन यादव की जरूरत है।

**चुनरी यात्रा की व्यवस्थाओं के बारे में की गई चर्चा**

# 28 को नगर में निकलेगी 1111 मीटर की मां जालपा की भव्य चुनरी यात्रा

## विश्व हिंदू परिषद, हिंदू चेतना मंच व नगर के सकल हिंदू समाज की बैठक संपन्न

**ब्यावरा।** राजगढ़ नगर में चुनरी यात्रा के लिए विश्व हिंदू परिषद हिंदू चेतना मंच द्वारा राजगढ़ नगर सकल हिंदू समाज की बैठक का आयोजन किया गया। इस बैठक में संत कैलाश गिरी महाराज एवं बम बम महाराज के साथ ब्राह्मण समाज के राष्ट्रीय महामंत्री राजेंद्र जोशी काका मुख्य रूप से उपस्थित थे। बैठक का संचालन करते हुए विश्व हिंदू परिषद के जिला मंत्री मयंक जायसवाल द्वारा प्रतिवर्ष आयोजित होने वाली 1111 मी चुनरी यात्रा की व्यवस्थाओं के बारे में बताया गया।



यात्रा में डीजे ढोल गरबा पार्टी शामिल रहेंगे। राजमहल मंदिर तक कारपेट बिछाया जाएगा ड्रोन के माध्यम से पुष्प वर्षा की जाएगी। यात्रा समाप्ति के पश्चात जालपा मंदिर से बिरसा मुंडा चैराहा तक वापस आने के लिए वाहन सुविधा भी उपलब्ध रहेगी। हिंदू परिषद जिला अध्यक्ष तेजेंद्र उपाध्याय ने बताया कि इस वर्ष चुनरी यात्रा का आमंत्रण मां जालपा मंदिर में अभिमंत्रित अक्षत वितरण कर दिया जाएगा एवं पिछले 15 वर्षों से यात्रा में लगातार अपनी सेवाएं दे रहे व्यक्ति एवं संगठनों का 28 सितंबर सुबह प्रातः 10 बजे यात्रा प्रारंभ होने से पहले सम्मान किया जाएगा। उन्होंने अधिक से अधिक संख्या में सनातनी बंधुओ से इस यात्रा में शामिल होने की अपील की। इस अवसर पर संघ के जिला सह संघ चालक संदीप सोनी, ब्राह्मण समाज के अध्यक्ष पीयूष दुबे मोना सुस्तानी जाट समाज के अध्यक्ष दारा सिंह मुखिया समाज के अध्यक्ष कृष्ण पाल गुर्जर समाज के अध्यक्ष कैलाश गुर्जर भानु ठाकुर, जिला प्रचार प्रसाद प्रमुख लखन गुर्जर गौ सेवक नयन विजय वर्गी मार्तंड सोलंकी कुलदीप सिंघी आनंद शर्मा विहिप नगर अध्यक्ष विशाल करोसिया, प्रखंड मंत्री संतोष राणा, जिला सत्संग प्रमुख उमेश शर्मा, जिला धर्म प्रचार प्रमुख संतोष कटारे, जालपा गौशाला प्रमुख चेतराम गुर्जर आदि उपस्थित थे।

### सर्वपितृ मोक्ष अमावस्या पर कपिलेश्वर धाम पर हुआ सामूहिक तर्पण

**सारंगपुर।** नगर के कपिलेश्वर तीर्थ धाम, कृष्णसिंधु (कालीसिंध) के तट पर ब्राह्मण समाज की और से पितृ पर्व की अंतिम बेला पर पितरों से आशीष प्राप्त करने एवं उनकी प्रसन्नता के लिए। वेद मंत्रों के माध्यम से तीर्थ धाम पर पितृगणों का स्मरण कर सामूहिक रूप से श्रद्धापूर्वक तर्पण, श्राद्ध और पिण्डदान अर्पित कराया। शास्त्रों में वर्णित है कि "पितृदेवो भव"कृ अर्थात पितृदेवता भी देवताओं के समान पूजनीय हैं। उनकी प्रसन्नता से ही वंश की वृद्धि, समृद्धि और जीवन में सुख-शांति का संचार होता है। अपने पूर्वजों से आशीष प्राप्त करने एवं पारिवारिक सुख,आध्यात्मिक सुख, शांति, वंशवृद्धि, समृद्धि के लिए बहुत ही महत्वपूर्ण एवं उपयुक्त समय सर्व पितृ अमावस्या का होता है इस दौरान मुख्य आचार्य पं पवन पारीक, पं भूपेंद्र जोशी,पं बालकृष्ण शर्मा दीपक शर्मा ने। सामूहिक तर्पणकर्म पूर्ण कराया श्रद्धालुजनो ने भाव से पवित्र कृष्णासिंधु के तट पर पारिवारिक कल्याण आर्थिक, आध्यात्मिक सुख, समृद्धि, शांति और वंशवृद्धि की प्राप्ति हेतु पूजन किया ओर पंडितों से आशीर्वाद लिया।

**पितृों की स्मृति में लिया पौधरोपण का संकल्प**

## सर्व पितृमोक्ष अमावस्या पर सामूहिक श्राद्ध-तर्पण



**ब्यावरा।** अखिल विश्व गायत्री परिवार ब्यावरा द्वारा पितृपक्ष में विगत 15 दिनों से चल रहे निःशुल्क सामूहिक श्राद्ध-तर्पण कार्यक्रम का सर्वपितृमोक्ष अमावस्या पर तर्पण व पिण्डदान के साथ पंचकुण्डीय गायत्री महायज्ञ में आहुतियों के साथ समापन हुआ। पितृपक्ष में नगर के सभी वर्ग समुदाय के लोग उपस्थित हुए जिसमें पुरूष वर्ग के साथ महिलाओं के द्वारा भी अपने पितृों को तर्पण किया। साथ ही पितृों की स्मृति में व्यसन मुक्त भारत के अतंर्गत दुर्व्यसन छोडने व वृक्षारोपण का संकल्प लिया। इससे पितर प्रसन्न होकर सुख, समृद्धि का आशीर्वाद प्रदान करते हैं। पितृमोक्ष अमावस्या पर आज पितरों को तर्पण और श्रद्धा के साथ विदाई दी। इस अवसर पर गायत्री परिवार के तेजकरण साहू, प्रवीण नामदेव, परिव्राजक प्रिंस आर्य, महेशचन्द्र जयपुरिया, किशोर जानोरिया, राजेन्द्र सोनी, दिनेश मेवाडे, दीपक सोनी, दीपक बैराठी, बीएल गुप्ता, राजेश मण्डलोई, गजानंद गोयल, जितेन्द्र गुजराती, विजय साहू, रोशन मैथिल, कुलदीप पंवार, संदीप मेवाडे, राजेन्द्र शर्मा, हिमांशु खस, राकेश चैधरी, भवानीशंकर भट्ट, हरीश सक्सेना, डॉ. ओपी सोनी, देवेन्द्र यादव, श्रीकृष्ण बंसल, भारत सिंह कारपेंटर, श्याम सुन्दर गुप्ता, पीयूष पांचाल, प्रमोद साहू, किशन मेवाड़े उपस्थित रहे।

**खेल हमारी अनुशासन, आत्मविश्वास और टीम भावना को भी मजबूत करते हैं**

# कबड्डी खेलकर किया सांसद खेल महोत्सव का शुभारंभ





हरिभूमि न्यूज ▶▶ब्यावरा

नेताजी सुभाष चंद्र बोस शासकीय महाविद्यालय ब्यावरा में रविवार को राजगढ़ लोकसभा स्तरीय सांसद खेल महोत्सव का शुभारंभ हुआ। इस अवसर पर मंत्री नारायण सिंह पंवार और सांसद रोडमल नागर ने कबड्डी का मैत्री मैच खेलकर कार्यक्रम का उद्घाटन किया। खिलाड़ियों, छात्र-छात्राओं और नागरिकों की मौजूदगी में पूरे परिसर में उत्साह और जोश का वातावरण रहा। कार्यक्रम को संबोधित करते हुए मंत्री नारायण सिंह पंवार ने संबोधन में कहा कि खेल जीवन का अभिन्न हिस्सा हैं। यह केवल मनोरंजन का माध्यम नहीं बल्कि मानसिक और शारीरिक विकास का सर्वोत्तम साधन भी हैं। उन्होंने कहा कि प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के नेतृत्व में भारत में खेलों को नई पहचान और बढ़ावा मिला है। 'खेलो इंडिया' और 'फिट इंडिया' जैसी योजनाओं ने युवाओं में ऊर्जा और उत्साह का संचार किया है, जिसके परिणामस्वरूप आज भारतीय खिलाड़ी विश्व पटल पर देश का नाम रोशन कर रहे हैं।

**खेल न केवल शारीरिक रूप से हमें स्वस्थ रखते हैं बल्कि अनुशासन, आत्मविश्वास और टीम भावना को भी मजबूत करते हैं:** सांसद रोडमल नागर ने कहा कि प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी की प्रेरणा से पूरे देश में सांसद खेल महोत्सव का आयोजन किया जा रहा है। यह आयोजन युवाओं को अपनी प्रतिभा प्रदर्शित करने, प्रतिस्पर्धात्मक भावना को बढ़ाने और खेलों के प्रति रुचि जगाने का एक सशक्त मंच प्रदान करता है। उन्होंने कहा कि खेल न केवल शारीरिक रूप से हमें स्वस्थ रखते हैं बल्कि अनुशासन, आत्मविश्वास और टीम भावना को भी मजबूत करते हैं। सांसद ने यह भी बताया कि इस महोत्सव के अंतर्गत एथलेटिक्स, कबड्डी, खो-खो, वॉलीबॉल, कुश्ती, बैडमिंटन सहित कई खेल प्रतियोगिताएं आयोजित होंगी, जिनमें क्षेत्र के हजारों खिलाड़ी हिस्सा लेंगे। इसमें रजिस्ट्रेशन की दिनांक अब 2 अक्टूबर तक कर दी गई है।

**उपस्थित खिलाड़ियों का तालियों की गड़गड़ाहट से किया स्वागत:** इस कार्यक्रम में जिला महामंत्री अमित शर्मा, भारतीय जनता अनुसूचित जनजाति मोर्चा जिला अध्यक्ष राम भील, भारतीय जनता युवा मोर्चा जिला अध्यक्ष के.पी. पंवार, आदित्य शर्मा और मितेश व्यास,(लोकसभा सांसद खेल महोत्सव समन्वयक),भाजपा जिला उपाध्यक्ष जसवंत गुर्जर, मानसिंह राजपूत गोपाल बादशाह, राधे दांगी गिरिराज लववंशी, सुमित सोलंकी जिला शिक्षा अधिकारी करण सिंह भिलाला, जिला खेल अधिकारी शर्मिला डाबर सहित नागरिक एवं खिलाड़ी उपस्थित रहे।

# सर्व पितरों के मोक्ष के लिए नेवज तट पर किया गया सामूहिक तर्पण

## नगर के प्रबुद्धजनों, समाजसेवियों ने किया आयोजन



हरिभूमि न्यूज ▶▶राजगढ़

16 दिन अनवरत चले पितरों, पुर्वजों की ध्यान, पूजा, उपासना के श्राद्ध पक्ष का रविवार को पितृमोक्ष अमावस्या के साथ ही समापन हो गया। श्राद्धपक्ष के अंतिम दिवस राजगढ़ नगर के प्रबुद्धजनों, समाजसेवियों सहित अन्य द्वारा द्वारा स्थानीय नेवज नदी के शिवघाट पर सामूहिक तर्पण कार्यक्रम का आयोजन किया गया।

पंडित दीपक जोशी के मंत्रोच्चार के बीच लोगों ने न केवल अपने बल्कि सभी के पितरों के मोक्ष एवं आत्मशांति हेतु विधि-विधान के साथ तर्पण की क्रियाएं कीं। इस तर्पण में नगर के सर्व समाज के लोग सम्मिलित हुए। नदी का जल पितरों को अर्पित किया गया। इसके साथ ही देशभर में शहीद हुए सैनिकों के भी मोक्ष प्राप्ति के लिए तर्पण किया गया। नागरिकों द्वारा सर्व पितरों से परिवार, क्षेत्र, जिले व देश में सुख, शांति, समृद्धि की कामना की गई। उल्लेखनीय है कि नगर के लोगों द्वारा हर साल नेवज नदी पर सामूहिक तर्पण क्रिया संपन्न करवाई जाती है। इसमें उन लोगों दिवंगतों का भी तर्पण किया जाता है जिनका इस दुनिया में कोई नहीं था।

खबर संक्षेप

## मानव रूप परिणाम ही धर्म प्रभाव का कारण: मुनिश्री प्रवर सागर

**आष्टा।** चंद्रप्रभ दिगंबर जैन मंदिर अरिहंतपुरम में विराजमान आचार्य विनिश्चय सागर महाराज के परम प्रभावक शिष्य मुनिश्री प्रवर सागर जी मुनिराज ने आशीष वचन देते हुए कहा कि शुक्ल लेश्या से सहित जीव राग द्वेष से रहित होते हैं जब तक कसाय विद्यमान है राग परिणति तो रहेगी, लेकिन जहां अप्रशस्त्त राग है वहां परिणामों को बदलकर प्रशस्त राग करना होगा, जहां प्रशस्त राग होता है वही धर्मा नुराग होगा। यही प्रशस्त पुण्य का कारण होता है। भैया मंदिर आते हो कोई क्रिया आप करते हो यदि कोई अन्य व्यक्ति उस क्रिया को तुमसे पहले कर ले तो द्वेष भाव उत्पन्न होने लगता है, अप्रशस्त राग होने लगता है। भैया प्रवृत्ति को बदलना होगा, प्रवृत्ति बदलेगी तो द्वेष नहीं होगा, माध्यस्थ भाव होगा।जिनके स्वभाव विपरीत हैं, उनके प्रति माध्यस्थ भाव होगा वे लोग जो कल्कि के समान हैं।प्रशस्त कार्य में धर्म कार्य में अड़ंगा डालते हैं, पापाश्रव ही कर रहे हैं। धर्म के कार्य में कभी भी विघ्न मत डालना, धर्म के कार्य में विघ्न का निमित्त आप बनते हो तो समझना की बुद्धि कार्य करना बंद कर देगी, मंदबुद्धि हो जाओगे। राजा श्रेणिक ने वचन निभाने के लिये चिलाती पुत्र को राजतिलक करके राजा बना दिया, वह पुत्र दुर्जन था उसने राज्य में अपने निर्णय से जनमानस को आहत करना प्रारंभ कर दिया।

## धर्मपथ संस्था ने कराया तर्पण और श्राद्ध कर्म

**देवास।** सर्वपितृ मोक्ष अमावस्या के पावन अवसर पर संस्था धर्मपथ द्वारा मां शिप्रा तट पर द्वितीय वर्ष भी सामूहिक तर्पण एवं श्राद्ध कर्म कार्यक्रम संपन्न हुआ। इस अवसर पर अपने पूर्वजों के साथ-साथ देश के लिए शहीद हुए वीर योद्धाओं तथा असमय काल के गाल में समा गए जनों की आत्मा की शांति हेतु श्रद्धांजलि अर्पित की गई। कार्यक्रम में लगभग 300 यजमानों ने अपने पूर्वजों के निमित्त तथा राष्ट्र एवं हिन्दू समाज के लिए बलिदान देने वाले वीरों के प्रति सामूहिक तर्पण और पिंडदान कर कृतज्ञता व्यक्त की।

### नगर पालिका में नहीं थम रही सरकारी योजनाओं की राशि की बंदरबाट

# नपा में केंद्र की अमृत -2.0 योजना चढ़ी भ्रष्टाचार की भेंट, पीएमओ कार्यालय में पहुंची शिकायत से मचा हड़कंप








## स्थानीय प्रशासन सहित जिला प्रशासन मौन बैठा, पब्लिक का उठ रहा है सिस्टम से भरोसा

हरिभूमि न्यूज ⏭ आष्टा

लगभग 49 करोड़ रुपये से आष्टा नगर पालिका परिषद में संचालित अमृत योजना 2.0 शुरुआत में ही भ्रष्टाचार की भेंट चढ़ गई है। योजना के तहत जो अंडरग्राउंड पाइप लाइन बिछाई जा रही है अब उस पर शहर में नागरिक भ्रष्टाचार के आरोप लगाते हुए गंभीर सवाल खड़े कर रहे है वही शहर के नागरिकों ने इस योजना में भ्रष्टाचार के गंभीर आरोप लगाकर पीएमओ (प्रधानमंत्री कार्यालय) तक शिकायत कर दी हैं वही पूरे मामले पर स्थानीय प्रशासन और जिला प्रशासन की चुप्पी पर भी सवाल खड़े कर रहे हैं। गौरतलब है की आष्टा नगर पालिका को शहर के नागरिकों को शुद्ध पेयजल उपलब्ध कराने के लिए केन्द्र की और से संचालित अमृत योजना 2.0 के तहत 43 करोड़ रुपए से ज्यादा की राशि प्राप्त हुई है लेकिन अब तक नागरिकों को इस योजना के अंतर्गत शुद्ध पेयजल का लाभ मिलना तो दूर की बात है अब तो उक्त योजना में भ्रष्टाचार की भेंट चढ़ने के आरोप लग बैठे हैं। और यह तक शहर के नागरिकों सहित सत्ताधारी दल भाजपा और विपक्ष कांग्रेस के नेता भी नगर पालिका पर भ्रष्टाचार के गंभीर आरोप लगाकर कार्यवाही की मांग कर रहे हैं। आपको बता दें की इस योजना के नाम पर करोड़ों रुपए के भुगतान हो चुका है तो वही अंडरग्राउंड पाइपलाइन बिछाने के नाम पर शहर भर के कई इलाकों की सड़के खोद डाली गई है तो आष्टा से 22 किलोमीटर दूर रामपुरा जलाशय सी अब तक पाइप लाइन बिछाने का काम शुरू नहीं हो चुका है वही शहर में 8 इंच की जगह 4 से 6 इंच की पाइप लाइन डालकर शहर की सड़कों को खोद दिया गया है वही ठेकेदार महीनों से खुदी पड़ी इन सड़कों की मरम्मत तक नहीं कर रहा है जिससे नागरिक परेशान हैं।

### पीएमओ सहित मुख्यमंत्री, पूर्व मुख्यमंत्री को की शिकायत, भ्रष्टाचार के लगाए आरोप

वही अब पूरी योजना में नगर के रहवासी आशुतोष शर्मा ने नगर पालिका के जिम्मेदार अधिकारियों और जनप्रतिनिधियो पर भ्रष्टाचार के गंभीर आरोप लगाकर पीएमओ (प्रधानमंत्री कार्यालय) तक शिकायत कर जांच की मांग करते हुए दोषियों पर FIR दर्ज करने की मांग की है। शिकायतकर्ता आशुतोष शर्मा ने अमृत योजना के तहत हो रहे कार्य पर सवाल खड़े किए और जांच की मांग करते हुए एफआईआर दर्ज करने की मांग की है लिहाजा पीएमओ में शिकायत के बाद नगर पालिका में हड़कपं मचा हुआ है और फिलहाल काम को रोक दिया गया है जिससे बीजेपी की इस नगरपालिका पर नागरिकों में विश्वास उठ रहा है और अधिकारी सहित जनप्रतिनिधियों की नियत पर भी सवाल खड़े हो रहे हैं। खेर देखने वाली बात है कि प्रधानमंत्री कार्यालय में शिकायत के बाद स्थानीय सहित जिला प्रशासन कब नींद से जागता है और भ्रष्टाचारी दानवों पर क्या कार्यवाही करता है या फिर अपने हिस्से की मलाई ले कर खानापूर्ति करता है ?

### 17 करोड़ से बढ़कर 49 करोड़ पहुंची लागत, लेकिन 5 सालों में फिर भी नहीं आया पानी

पूर्व नगरपालिका अध्यक्ष कैलाश परमार के कार्यकाल में 17 करोड़ रुपए की लागत से रामपुरा जलाशय से आष्टा तक पाईपलाईन बिछाने का काम शुरू किया गया था लेकिन 2 साल प्रशासनिक और तीन साल बीजेपी की नगर पालिका को हो गया है वही अब यह योजना 17 करोड़ से बढ़कर 49 करोड़ रुपए पर पहुंची गई लेकिन फिर भी यह पाइपलाइन आष्टा तक नहीं पहुंच सकी है। इस बहुप्रतीक्षित अमृत-2 योजना के तहत पाइपलाइन, नई पानी टंकियां, और इंटेकवेल का निर्माण कार्य होना है।

### भ्रष्टाचार के आरोप बेबुनियाद और निराधार

नगर पालिका अध्यक्ष हेमकुंवर रायसिंह मेवाड़ा का कहना है कि अमृत 2.0 योजना के अंतर्गत चल रहे सभी कार्य एक प्राइवेट एजेंसी देख रही है यही एजेंसी पूरे काम की मोनिटरिंग करती है उसके अनुसार ही पेमेंट का भुगतान होता है और जहां भी पाइपलाइन बिछाई जा रही है वह सर्वे के आधार पर बिछाई जा रही है जो भी भ्रष्टाचार के आरोप लगे वह बेबुनियाद और निराधार है।

### यह कार्य होने है अमृत 2.0 योजना के अंतर्गत

नपा के इंजिनियर प्रमोद कुमार साहू के अनुसार 49 करोड़ लागत की अमृत 2.0 योजना के अंतर्गत 33 किमी की पाइपलाइन बिछाई जाएगी। पाइपलाइन की चौड़ाई डैम से शहर तक 14 इंच, शहरी क्षेत्र में 6 से 10 इंच रहेगी। तीन पानी टंकियां तीन स्थानों पर इंदौर नाका, दरगाह पीएम आवास कॉलोनी, इंदिरा कॉलोनी में बनाई जाएगी। नगर पालिका के इंजीनियर प्रमोद कुमार साहू ने बताया कि टेंडर और वर्क ऑर्डर जारी हो चुके हैं। रामपुरा डैम पर पहले ही एक इंटेकवेल तैयार हो चुका है। नगर पालिका के 18 वार्डों में कुल 1 लाख की आबादी है जिसमें एक दिन छोड़कर जल की आपूर्ति की जाती है इसमें दैनिक 44 लाख लीटर की आपूर्ति होती है और शहर में 9000 से अधिक नल कनेक्शन हैं।

## 'सेवा पखवाड़ा' अभियान अंतर्गत कार्यक्रम हुए आयोजित

**देवास।** प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी के जन्म-दिन 17 सितम्बर से प्रदेश में शुरू हुए 'सेवा पखवाड़ा' अभियान अंतर्गत जिले में कलेक्टर ऋतुराज सिंह के मार्गदर्शन में विभिन्न गतिविधियों का आयोजन किया जा रहा है। अभियान के तहत नगर परिषद सोनकच्छ द्वारा स्वच्छता पर चित्रकला प्रतियोगिता का आयोजन किया गया। साथ ही स्वच्छता कर्मियों के लिए स्वास्थ्य शिविर का आयोजन भी किया गया। जिले में सेवा पखवाड़ा अभियान के तहत सामूहिक भागीदारी से सार्वजनिक स्थलों पर साफ-सफाई की जा रही है। इसी के साथ महिला सशक्तिकरण सहित अन्य गतिविधियां भी शहरी और ग्रामीण क्षेत्रों में चल रही हैं। सेवा पखवाड़ा अभियान 02 अक्टूबर गांधी जयंती तक निरंतर चलेगा। अभियान के तहत जिले की स्कूलों में साफ-सफाई का व्यापक अभियान चलाया जा रहा है।

## मालव माटी के संत गोविंद जाने का विधायक कार्यालय पर किया स्वागत

हरिभूमि न्यूज ⏭ आष्टा



मालव माटी के सुप्रसिद्ध संत कथा वाचक संत श्री गोविंदजाने का आज सोनी पेट्रोल पंप कर उद्घाटन कार्यक्रम में शामिल होने आष्टा की धारा पर शुभ आगमन हुआ। उद्घाटन समारोह के संपन्न होने के पश्चात विधायक गोपालसिंह इंजीनियर के निवेदन पर संत गोविंदजाने अल्प प्रवास पर विधायक कार्यालय पहुंचे। संत श्री की भव्य अगवानी कर स्वागत और सम्मान किया। विधायक कार्यालय पहुंचने पर संत की चरण वंदन कर विधायक इंजीनियर ने अपने कार्यालय पधारने पर उनका अभिनंदन किया। इस अवसर पर विधायक ने संत का विधानसभा क्षेत्र की जनता की ओर से अभिनंदन किया। इस अवसर पर गोविंद जाने ने कहा कि निश्चित रूप से विधानसभा क्षेत्र को एक ऐसा विनम्र स्वभाव का धनी तथा अपनी क्षेत्र की जनता के समस्याओं के प्रति गंभीर रहने वाला जनप्रतिनिधि मिला है। निश्चित रूप से उनके मन में अपने क्षेत्र की जनता के प्रति जो भाव है वह सराहनीय और अभिनन्दनीय है। इस अवसर पर भाजपा नगर मंडल अध्यक्ष प्रतिनिधि विशाल चौरसिया, नगर महामंत्री धनरूपमल जैन, मोहित सोनी, मनोज ताम्रकार, राजा मेवाडा सौरभ जैन, ऋतु जैन,आनन्द जैन,बंटी मेवाडा, मनोज नागर, अजय गौतम, राजा श्रीवास्तव, धर्मेन्द्र परिहार, शुभम सोनी, सहित भाजपा के कार्यकर्ता, संतश्री के भक्तगण आदि उपस्तिथ थे।

# फसलों का हाल जानने खेतों में पहुंचे विधायक किसानों ने बताया पौधों में फली तो है दाना नहीं

हरिभूमि न्यूज ⏭ खाचरोद



क्षेत्र के अन्नदाताओं की शिकायत के बाद सोमवार को क्षेत्रीय विधायक गोपाल सिंह इंजीनियर ने दौरा कर क्षेत्र के कई गांव में राजस्व और कृषि विभाग बीमा कंपनी के सदस्य सहित दल बल के साथ पहुंचकर सोयाबीन की खराब हुई फसलों की स्थिति देखी।

खेतों में पहुंचे विधायक गोपाल सिंह इंजीनियर को किसानों ने बताया कि सोयाबीन के पौधों में फली तो नजर आ रही है लेकिन इसमें दाना नहीं है। वही अधिक वर्षा से सोयाबीन की स्थिति पूरी तरह खराब हो चुकी है, वहीं सोमवार को विधायक गोपाल सिंह इंजीनियर ने विधानसभा क्षेत्र के पदम श्री, लसूडिया विजय सिंह, नानकपुर, खामखेड़ा, खाचरोद, बापचा बरामद, जसमत, पगारिया हॉट, नीलबड़, खजुरिया कांसम, लसूडिया पार आदि ग्रामों के किसानों के खेतों पर पहुंचकर फसलों को देखा। वहीं विधायक गोपाल सिंह इंजीनियर ने किसानों से कहा कि फसल खराब होने से किसान चिंता ना करें किसानो की सरकार और आपका विधायक हर संकट में आपके साथ खड़ा है।

प्रशासन द्वारा गठित सर्वे टीम फसलों का सर्वे करवा कर पूरी रिपोर्ट सौंपेगी। उन्होंने कहा कि किसानों को पूरी बीमा राशि दिलवाई जाएगी। वहीं उन्होंने पुरानी बीमा राशि दिलवाने की बात कही। खराब हुई फसलों के निरीक्षण के दौरान एसडीएम नितिन कुमार टाले, तहसीलदार मुकेश कुमार सांवले, पटवारी बलराम रजक, कृषि विभाग के अधिकारी, ग्राम के सरपंच शंकर पटेल जाट, भाजपा मंडल अध्यक्ष शिव पाटीदार, मंडल महामंत्री यशवंत सिंह ठाकुर, ग्राम के किसान नबीलाल जाट, लल्लू जी जाट, रेवाशकर जाट, रामेश्वर जाट, बलराम जाट, गणेश जाट, राजेश जाट, रमेश मालवीय, रतन सिंह मालवीय, कोटवार प्रेम सिंह मालवीय सहित ग्राम के समस्त किसान बंधु उपस्थित थे।

## चुनरी यात्रा को लेकर पार्वती नदी तट का राय सिंह मेवाड़ा ने किया निरीक्षण

हरिभूमि न्यूज ⏭ आष्टा



नवरात्रि के पावन अवसर पर मां आदिशक्ति की श्रद्धा पूर्वक भक्ति आराधना का सिलसिला आज से प्रारंभ हुआ इसी कड़ी में नगर पालिका अध्यक्ष प्रतिनिधि रायसिंह मेवाड़ा मित्र मंडल द्वारा नगर में भव्य चुनरी यात्रा निकाली जाएगी जो नगर के प्रमुख मार्गो से होते हुए प्राचीन शंकर मंदिर स्थित मां पार्वती नदी तट पर पहुंचेगी।

जिसके तहत नपा अध्यक्ष प्रतिनिधि रायसिंह मेवाड़ा द्वारा नगर पालिका के सफाई कर्मचारी सहित अन्य कर्मचारियों की उपस्थिति में पार्वती नदी तट का निरीक्षण किया गया। निरीक्षण के दौरान श्री मेवाडा ने जल शाखा एवं सफाई शाखा से संबंधित कर्मचारियों को निर्देशित करते हुए कहा कि दिवस हुई बारिश के दौरान पार्वती तट पर कीचड़ लकड़ी इत्यादि से तट अव्यवस्थित हैं जिसे शीघ्र ही साफ सफाई कर व्यवस्थित करें। नपा अध्यक्ष प्रतिनिधि रायसिंह मेवाड़ा ने सभी नगरवासियों से आग्रह किया है कि माता की भक्ति में पूरा नगर लीन है। नगर की सुख शांति एवं समृद्धि तथा खुशहाली की कामना के साथ निकाली जाने वाली भव्य चुनरी यात्रा में आप सभी अपने परिजनों एवं इष्ट मित्रों सहित शामिल होकर धर्म लाभ अर्जित करें।

निरीक्षण के दौरान पार्षद रवि शर्मा, पूर्व पार्षद जगदीश खत्री, स्वच्छता प्रभारी मनोहर जावरिया, कुशलपाल लाला, कमलेश विश्वकर्मा, रोहित सेन, गबू सोनी, विनोद सांगते, पूरण मेवाड़ा, फूलसिंह मालवीय, कपिल वर्मा, लखन नाथ आदि मौजूद थे।

### अभिजीत मुहूर्त में हुई मातारानी की प्रतिमा और घट स्थापना

# माता के भक्तों ने बैंड बाजों के साथ निकाली चुनरी यात्रा







हरिभूमि न्यूज ⏭ आष्टा/जावर

हिंदू सनातन धर्म का मुख्य पर्व शारदीय नवरात्र का प्रारंभ सोमवार से प्रारंभ हो गया है।इस बार मातारानी हाथी पर सवार होकर आई हैं। भक्तगणों ने सोमवार के शुभ मुहूर्त में चल प्रतिमा का मंगल जुलूस श्रीगंगा हार्डवेयर कालोनी चौराहा से प्रारंभ कर सम्पूर्ण गंज क्षैत्र में निकालकर सिद्ध पीपल चौक कुम्हार पूरा भाऊ बाबा मंदिर स्थित पंडाल में आनंद उत्साह एवं आतिशबाजियों के साथ नगरवासियों की उपस्थिति में पहुंचा। अभिजीत मुहूर्त में चल प्रतिमा व देवीघट स्थापना कर शारदीय नवरात्र का विधिवत कार्य प्रारंभ किया गया।नवरात्रि के प्रथम दिवस मातारानी के प्रथम स्वरूप शैलपुत्री का बेलपत्र से अर्चन कर विधि विधान के साथ नगरपुरोहित पंडित मयूर पाठक, पं मनीष पाठक, पं डॉ दीपेश पाठक ने वैदिक पुजन संपन्न कराया एवं व्रत का संकल्प भक्तो को दिलायानिकाली गई शोभायात्राघट स्थापना के पूर्व मातारानी के भक्तो के द्वारा चल प्रतिमा की शोभायात्रा कालोनी चौराहा से प्रारंभ कर सम्पूर्ण गंज क्षेत्र में निकालकर सिद्ध पीपल चौक कुम्हार पूरा लाया गया जहां पर चल प्रतिमा को स्थापित किया गयायुवा थिरकते नजर आए मातारानी की शोभायात्रा में युवा वर्ग बड़ा ही उत्साहित था डोल की थाप पर युवागण उत्साह के साथ नृत्य कर मातारानी के जयघोष के साथ चल रहे थे जो आकर्षण के केंद्र थे।

### भक्तों ने निकाली चुनरी यात्रा

**जावर।** चौरासिया परिवार ने कुल देवी मां महिषासुर मर्दीनी के दरबार में चौरसिया परिवार की ओर से 551 फिट लंबी चुनरी चढ़ाई गई चुनरी यात्रा सोसायटी भवन से प्रारंभ हुई जिसने समस्त चौरासिया परिवार के लोग एवं नगर के सभी सम्माननीय लोगों ने चुनरी यात्रा में शामिल हुए वही जगह जगह पर लोगों द्वारा पुष्प वर्षा की गई साथ ही कई समितियों द्वारा कार्यकर्ताओं का स्वागत किया वही चौरासिया कार्यकर्ताओ ने समिति को जय माता दी का चिन्ह देकर सम्मान के साथ चुनरी यात्रा में सम्मिलित किया चौरासिया परिवार की ओर से बहुत बहुत आभार व्यक्त किया गया।

# दशहरा उत्सव समरसता के साथ मनेगा: राहुल



हरिभूमि न्यूज ⏭ आष्टा

प्रतिवर्ष अनुसार इस वर्ष भी आष्टा नगर के दशहरा पर्व को भव्य रूप देने हेतु सकल समाज व हिन्दू उत्सव समिति द्वारा आष्टा की खेल गतिविधियों में सदैव सक्रिय रहने वाले युवा समाजसेवी राहुल बाल्मीकि को दशहरा उत्सव समिति वर्ष का अध्यक्ष नियुक्त किया गया। दशहरा उत्सव समिति की तैयारिया जोरो से जारी है। इसी कड़ी मे राहुल बाल्मीकि ने अपनी टीम के साथ पूर्व नपा अध्यक्ष और प्रभु प्रेमी संघ के संयोजक कैलाश परमार से भेंट कर आशीर्वाद लिया। पूर्व नपा अध्यक्ष परमार द्वारा राहुल बाल्मीकि और उनके साथियो का भव्य और जोरदार स्वागत कर कहा की कोई भी उत्सव तभी सार्थक होता है जब समाज के अंतिम बिंदु पर बैठे आम नागरिक को हम अपने साथ जोड़े। हम सभी हर समाज का साथ लेकर सामाजिक समरसता मिलजुलकर उमंग और उल्लास से दशहरा मनाएंगे। समिति अध्यक्ष राहुल बाल्मीकि एवं उनकी विशाल टीम का साफे और मोतियों की माला से स्वागत किया गया। इस अवसर पर युवा सामाजिक कार्यकर्ता अर्जुन सिंह अजय, सोभाल सिंह परमार, अजय मेवाड़ा, विजय माहेश्वरी, अमित सेन सहित अनेको लोग उपस्थित थे।